दिनांक : 27.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- संसद ने बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 किया पारित, बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने की मिलेगी सुविधा।
- सरकार ने अब तक एक हजार 410 गेमिंग साइटों को किया ब्लॉक।
- विक्रमोत्सव-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव आज, 100 से ज्यादा वैज्ञानिक होंगे शामिल।
- प्रदेश में आज से रक्तदान अभियान की होगी शुरुआत, डेढ़ लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य।

राज्यसभा बैंकिंग कानून

संसद ने बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। इस विधेयक का उद्देश्य बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के लिए मौजूदा विकल्पों की संख्या एक से बढ़ाकर चार करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पिछले वर्ष एक लाख 41 हजार करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बैंकिंग को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है और नागरिक केंद्रित बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 55 करोड़ से अधिक जन-धन खाते खोले जा चुके हैं और उनमें से 55 प्रतिशत से अधिक खाते महिलाओं के हैं।

सर्वोच्च न्यायालय-इलाहाबाद उच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के प्रयास पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस विवादित आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि अनुचित स्पर्श या अधो वस्त्र से छेड़छाड़ दुष्कर्म का प्रयास नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि उच्च न्यायालय का यह निर्णय असंवेदनशीलता का परिचायक है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि इससे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा में संवेदनशीलता की कमी लगती है। न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

लोकसभा वैष्णव

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार 410 गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि सट्टेबाजी और जुआ राज्य सूची का हिस्सा हैं और राज्य सरकार के पास इसके लिए विधायी □चा बनाने का अधिकार है।

कर्मयोगी बनें कार्यशाला

राजभवन में कर्मयोगी बनें विषय पर कल एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यशाला में शामिल होंगे। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरू एवं कुलसचिव, पी.एम. एक्सीलेंस और स्वशासी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री- भोपाल उत्सव मेला समिति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के चहुंमुखी विकास में मध्यप्रदेश का योगदान अव्वल रहेगा। मुख्यमंत्री कल भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित नागरिक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम विरासत से विकास की ओर बढ़ रहे हैं। अगले 5 साल में हम प्रदेश का सालाना बजट दोगुना कर देंगे।

राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव

विक्रमोत्सव-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव- विकास की बात, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ का शुभारंभ आज उज्जैन में होगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि इसमें देशभर के 100 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिक भागीदारी कर रहे है। सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय प्राचीन विज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी। इसके अलावा विज्ञान चौपाल का आयोजन भी होगा। युवा शोधार्थियों के उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

विवाहपूर्व परामर्श केंद्र

राष्ट्रीय महिला आयोग एक नई पहल के रूप में देश के हर जिले में विवाहपूर्व परामर्श केंद्र स्थापित करेगा। पटना में आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोग ने इस नई पहल की शुरूआत की है।

वेव्स प्रतियोगिता

सरकार पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स की मेज़बानी करने जा रही है। यह आयोजन 1 मई से 4 मई तक मुंबई में किया जाएगा। इसी सिलसिले में एआई आर्ट इंस्टॉलेशन चैलेंज नामक एक एक अभिनव प्रतियोगिता शुरू की गयी है। इस का उद्देश्य कला, प्रौद्योगिकी और एआई के संयोजन को बढ़ावा देना है, जिससे रचनात्मक अभिव्यक्ति की सीमाओं को आगे बढ़ाया जा सके। इस प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां 31 मार्च तक आमंत्रित की गई हैं।

रक्तदान शिविर

प्रदेश में आज से संवेदना- 2 अभियान की शुरुआत होने जा रही। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय अभियान में डेढ़ लाख यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। रक्तदान शिविर का आयोजन नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स और एक्टिविस्ट्स, नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा हैं। अभियान के अंतर्गत ग्वालियर में 29 मार्च को, उज्जैन में 30 मार्च को, भोपाल में 31 मार्च सहित सभी जिलों में शिविरों का आयोजन होगा।

छिंदवाडा कोचिंग

छिंदवाडा में विद्यार्थियों के लिए जेईई, नीट और अन्य परीक्षाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि फ़िलहाल 55 सेंटर्स बनाये गये है और पूरे जिले में जहां पर ये कक्षायें लगेगी।

बाइटः कलेक्टर छिंदवाडा

चार धाम यात्रा

साढ़े सात लाख से अधिक तीर्थयात्री अब तक आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करके चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 2025 के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं। एक वक्तव्य में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि इस कदम से फर्जी पंजीकरण को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

खेलो इंडिया - समापन समारोह

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज शाम होगा। इसका आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण करेगा जिसमें युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी शामिल होंगी।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल टी-ट्वेंटी क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला हैदराबाद में लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इससे पहले, कल रात गुवाहाटी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 8 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 17 ओवर और 3 गेंदों पर दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

समाचार संक्षेप में .....

- सरकार ने जिला कलेक्टर को धान उपार्जन तथा अन्तर जिला उपार्जन केन्द्रों में धान के सत्यापन एवं अन्य शिकायतों की जांच के लिये जांच दल गठित करने के निर्देश दिये हैं।
- प्रदेश में 1 अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है। नवीन शिक्षा सत्र को लेकर तैयारियां तेज़ी से जारी है। भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार ने सभी संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया है कि धूमधाम के साथ प्रवेश उत्सव मनाया जाए।
- इंदौर जिले में 30 जन पोषण केंद्र खोले गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भारत सरकार के संयुक्त संचालक जय पाटिल आज इन जन पोषण केंद्रों का शुभारम्भ करेंगे।
- झाबुआ जिले में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में सामुहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें 1 हजार 932 जोड़ो का सामूहिक विवाह होगा।

- मंडला में मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की जाएगी।
- डिंडोरी कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कल ग्राम पंचायत खजरी में संचालित निर्माण कार्यों और योजनाओं की जानकारी ली।
- रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में रासायनिक, औद्योगिक दुर्घटना से बचाव तकनीक विषय पर आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण कल सम्पन्न हुआ।

-------